आपने बिल में रिजनल आफिसिस खोलने की बात कही है। आपने कहा है कि विभिन्न रिजंज में आप इस कमिशन की शाखायें खोल सकेंगे। मैं चाहता हूं कि हर राज्य में इसकी शाखा खोलने की आपको व्यवस्था करनी चाहिये। अब तो हर राज्य में आपके नेशनलाइज्ड बैंक काम कर रहे हैं। ऐसा आपने किया तो किसी राज्य को शिकायत नहीं रह जायेगी कि इस बैंक में इस स्टेट के अधिक लोग हैं और हमारी अपनी स्टेट के बहुत कम लोग हैं। मैं चाहता हूं कि इस बिल में आप इस बात का प्रावधान करें कि हर राज्य में कमिशन की शाखायें खोली जाएं ताकि जो बैकवर्ड इलाके हैं उनको भी शिकायत का कोई मौका न मिले और यह कहने का मौका न मिले कि हमारी उपेक्षा हो रही है। कभी इस सिलसिले में बंगाल की चर्चा होती हैं, कभी बिहार की, कभी उत्तर बिहार की और कहा जाता है कि इन राज्यों को उचित प्रतिनिधित्व बैंकों की नौकरियों में नहीं दिया गया है। इस वास्ते इस प्रकार की शिकायत करने का मौका किसी को न मिले इसके लिए जरूरी है कि हर राज्य में आप कमिशन की शाखा खोलने की व्यवस्था आप इस बिल में कर दें।

बहुत ही खुशी की बात होती अगर इस बिल के साथ साथ प्राइवेट बैंक्स और फारेन बैंक्स को नेशनलाइज करने का भी बिल लाते। देश ने एक नया मोड़ लिया है और एक नया अध्याय शुरू किया है। आपने बैंकों का राष्ट्रीयकरण करते समय इन दोनों श्रेणियों के बैंकों को छोड़ दिया था। जब बैंक नेशनलाइजेशन का सवाल उठा था उस समय इसकी मांग की गई थी कि इन बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण हो जाना चाहिये क्योंकि यह देश के हित में होगा। लेकिन आपने इनको छोड़ दिया था। मैं चाहता हूं कि अब ऐसा बिल लाएं ताकि जो बचे हुए प्राइवेट बैंक हैं और फारेन बैंक हैं उन का भी राष्ट्रीयकरण हो सके।

इस बिल के द्वारा आप पब्लिक सेक्टर के जो बैंक हैं उनमें जो गड़बड़ियां होती हैं उनको रोकना चाहते हैं। क्यों नहीं इस बिल के दायरे को विस्तृत किया जाता है और कहा जाता है कि इसको तमाम बैंकों पर लागू किया जाएगा ताकि उन बैंकों में जो गोलमाल होता है, जो घोटाला होता है, जो पक्षपात होता है उसको भी रोका जा सके। आप कोई संशोधन लाएं ताकि इसको तमाम बैंको पर लागू किया जा सके।

जूनियर अफसरों के लिए आपने प्रोमोशनल एवेन्यूज 25 प्रतिशत से बढ़ा कर 33 प्रतिशत करने का इस बिल में प्रावधान किया है। इसकी कोई जरूरत नहीं थी। प्रोमोशनल एवेन्यूज क्लास तीन और क्लास चार के एम्प्लाइज के लिए आपको बढ़ाने चाहिये थे और उनको आगे बढ़ने का और ज्यादा मौका दिया जाना चाहिये था।

आपने कहा है कि टेम्पोरेरी एप्वाइंटमेंट बैंक छः महीने के लिए कर सकते हैं। इस मामले में भी आपने पक्षपात के सूराख खुले रखे हैं। आप कहते हैं कि छः महीने के बाद वह मामला कमिशन के पास जाएगा। छः महीने बीत जाने के बाद दुबारा बैंक किसी की नियुक्ति कर देंगे। इस वास्ते आप ऐसी व्यवस्था करें ताकि नियुक्तियों के मामले

में बिल्कुल निष्पक्षता बरती जा सके और समाज निमुक्तियां आप कमिशन के जरिये कराएं ।

जहां तक मैनेजमेंट का सवाल है आपने कहा है कि आप ज्वायंट मैनेजमेंट के सिस्टम को चलाएंगे । इस एमरजेंसी के बाद आपने एक नया अध्याय शरू किया है । आप ज्वायंट मैनेजमेंट की बात सोच रहे हैं । कमिशन में भी आप क्यों नहीं मजदूरों के नुमाइन्दों को लेते हैं, उन को प्रतिनिधित्व देते हैं । हर चीज आप ब्यूरोक्रेसी पर छोड़ न दें । हम जानते हैं कि ब्यूरोक्रेसी पर जब बात छोड़ दी जाती है तो गड़बड़ियां होती हैं, पक्षपात होता है, घूसखोरी होती है और इसकी बहुत सी मिसालें भी सामने आई हैं । इस वास्ते ब्यूरोक्रेसी पर कंट्रोल रखना बहुत जरूरी है । कमिशन का जो सैटअप है वह डेमोक्रेटिक होना चाहिये और उसमें मजदूरो के नुमाइन्दे भी लिए जाने चाहिये ।

बहालियों के मामले में शिड्यूल्ड कास्ट, शिडयूल्ड ट्राइब्ज और माइनोरिटीज के लोगों के लिए विशेष व्यवस्था होनी चाहिए । जो प्रावधान आपने रखा है वह नाकाफी है । आपको परसेंटेज स्पेसिफाई करना चाहिये और कहना चाहिये कि इतने परसेंट हरिजनों, पिछड़ी जातियों, माइनोरिटीज के लोगों को सर्विस में अवश्य लिया जाएगा ।

आज स्थिति यह है कि इन तमाम सर्विसिज में ऐसे लोग आ जाते हैं, जो पिछड़े समाज के नहीं हैं, बल्कि अधिकांश वही लोग हैं, जो ऊंचे वर्गों से आते हैं । इस विधेयक में शिड्यूल्ड कास्ट्स, शिड्यूल्ड ट्राइब्ज, और माइनोरिटी कम्युनिटीज के लिए प्रावधान होना चाहिए था, ताकि बहालियों में उन्हें समुचित प्रतिनिधित्व मिल सके । यह देखा जाता है कि हरिजनों, भूमिहीनों या अन्य पिछड़े हुए वर्गों के लिए भारत सरकार से जो सुविधायें मिलती हैं, उन का लाभ दूसरे लोग उठा लेते हैं । इस लिए यह आवश्यक है कि इन वर्गों के बच्चों के लिए अवसर और सुविधायें बढ़ाई जायें, ताकि उन को सही मानों में यह महसूस हो सके कि यह सरकार केवल हरिजनों, शिड्यूल्ड ट्राइब्ज और माइनारिटी कम्युनिटीज की बात ही नहीं करती है, बल्कि उस को अमल में भी लाती है ।

मैं चाहूंगा कि इस बिल में ऐसा प्रावधान किया जाये, जिस से सरकारी विभागों और मंत्रालयों के समान बैंकों में भी पिछड़े हुए लोगों के लिए नियुक्तियों की एक निश्चित सीमा तय की जा सके । यदि सरकार इस बिल में इस आशय का प्रावधान लाती और निजी तथा विदेशी बैंकों के राष्ट्रीयकरण की व्यवस्था करती, तो हम समझते कि यह बिल वास्तव में पूर्ण और उपयोगी है । फिर भी इस में जितना कदम उठाया गया है, वह सही है और मैं इस का समर्थन करता हूं ।

SHRI Y. S. MAHAJAN (Buldana): I raise to support the Bill brought forward by the hon. Deputy Minister in the Ministry of Finance.

Banking is a service of vital importance to industry, commerce and agriculture. It is concerned with the creation of credit money and its distribution between various users such as industry and agriculture or between institutions and individuals. In fact, the smooth working of a modern economy depends on the proper regulation of credit with which the banks are concerned. The question, therefore, of recruitment of the personnel of banking institutions assumes great importance.

The Banking Commission had recommended the establishment of such a Commission in its Report in 1972. In fact Government have been rather late in bringing forward this very important and necessary piece of legislation. When the Banking Commiasion reported, that is, at the end of 1971, the commercial banks in India had a network

[Shri Y. S. Mahajan]

of 12,000 branches and the personnel exceeded 2,30,000. According to an estimate made by the National Institute of Bank Management, the total of bank personnel was expected to increase upto 3,38,000 by the beginning of 1975. The 15 public sector banks today recruit about 18,000 educated youths for clerical and allied jobs and about 1500 officers from the most talented of our graduates and post-graduates. The ratio of officers to clerical staff which was about 1 to 3.5 in 1970 is expected to go up to 1 to 1.5 by 1985.

Before nationalisation, some of the big commercial banks had made some arrangements of their own for recruitment of their staff. The Institute of Bank Management and the Reserve Bank of India through the Bankers' Training College run some short-term and long-term courses for recruitment and training of bank staff. But these arrangements are not adequate even to meet the requirements for recruitment of higher cadres. The largest proportion of banks staff consists of clerks and cashiers. The recruitment policies followed by most of the Indian banks before nationalisation were not based on either scientific lines. In several cases even minimum qualifications were not insisted upon. The Banking Commission has reported that in many cases people who had not even passed matriculation examination were recruited as clerks. There was no proper evaluation of the aptitude or capacity and very often caste and relationship determined the choice of candidates. Lack of training facilities however aggravated the problem and banks found themselves with staff which had neither aptitude nor ability, to carry out the jobs assigned to them. The Bill therefore is welcome. It seeks to provide for proper methods of selection for recruitment of clerical staff and other cadres and junior officers. It provides for the establishment of a body corporate to be called the banking service commission. It shall be the duty of the Commission to hold competitive examinations to recruit people for clerical and allied cadres, junior officers cadre and such other officers' cadre as the Central Government may by notification specify. It shall consist of a Chairman and 8 persons who in the view of the Government are men of integrity, and ability and who have experience of finance and business administration. The Bill rightly attaches great importance to selection of people for the clerical cadre because the clerical personnel constitute the largest proportion of the total manpower and it is they who reach the banking service to the people. Rapid expansion of banking ensures further that many of them will soon get promotion to the officers' cadre. It has been estimated that every clerk can hope to reach the officer's level in 10 or 12 years time. Every clerk is therefore a potential officer. But to be effective, recruitment should attempt to attract appropriate skills and attitude and search for suitable talent should not be restricted to the first point of entry in the bank at the clerical level. It should also be extended to attract sufficient number of persons who possess executive skill. With the functional enlargement of the banks, they require the service of experts, such as agricultural scientists and those who are experts in engineering. Recruitment of such persons should also be considered by the banking commission. A provision in the Bill enables the Government to increase the proportion of such junior staff from 25 per cent to 33.3 per cent. In my view it is a welcome provision.

There is a provision that a certain percentage shall be reserved for Scheduled Castes and Scheduled Tribes This percentage has to be determined according to the general principles and also the requirements of the banks. One provision says that the Commission will have certain advisory functions. It is an important provision. We know how in Government service very difficult problems of promotion and seniority arise. It is better that they are solved by a third body rather than the

superior officers who have sometimes prejudices against people working under them. I hope this provision will be used for that purpose.

Finally, there is a last clause which says that the Government may extend the provisions of this Bill to other banks if they so desire. If the banking service commission could cover the requirements of other commercial banks also, so much the better. We will have uniform standards for recruitment of personnel in all the banks. With these words I support the Bill.

श्री शिवनाथ सिंह (झुन्झनु) : सभापति महोदय, बैंकिंग कमीशन बिल बहुत समय के अनुसार लाया गया है और मैं इस का स्वागत करता हूं। हमारे देश के अन्दर सर्विस रेक्रूटमेंट की जो हालत है सदन के सभी माननीय सदस्य जानते हैं कि जिस प्रकार का रेक्रूटमेंट होना चाहिए और देश के पढे लिखे युवकों को जो नौकरी का अवसर मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है। खास तौर से जो बैंकिंग बिजनेस आपका है, एल० आई०सी० है और जिन जिन सर्विस को इस बिल के द्वारा कवर कर रहे हैं वह तो इस प्रकार के धंधे थे जहां कि एक साधारण आदमी को घुसने का अवसर नहीं था। बैंकों के नेशनलाइजेशन के पहले बैंकों में जिन लोगों का आधिपत्य था उन्हीं के नजदीकी, उन्हीं के कृपापात्र उन सर्विसेज में आ सकते थे। दूसरे साधारण आदमी बैंकिंग सर्विस में नहीं जा सकते थे। यही हाल आपकी इंश्योरेंस कम्पनीज का था। नेशनलाइजेशन के बाद होना यह चाहिए था कि वहां सर्विस रेक्रूटमेंट जो हो वह साईंटिफिक तरीके से हो और उसमें देश के होशियार युवकों को अवसर मिले। लेकिन नेशनलाईजेशन के बाद भी वह आकांक्षाएं पूरी नहीं हुई और इसलिए बैंकिंग कमीशन ने काफी अध्ययन के बाद एक रिपोर्ट दी जिस के अनुसार बैंकिंग सर्विस कमीशन की स्थापना करने जा रहे हैं।

इस बिल के द्वारा कुछ तो सुधार की तरफ कदम उठाए गए हैं लेकिन फिर भी सम्पूर्ण रूप से जो खामी रेक्रूटमेंट में थी वह दूर नहीं हो पाएगी। इसके ऊपर मैं आगे प्रकाश डालने की चेष्टा करूंगा। आज हमारे जितना भी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस हैं, बैंकिंग है एल० आई०सी० है इनमें काम करने वाले लोगों की तनख्वाह और दूसरे वर्ग के लोग जो दूसरी जगह नौकरयां करते हैं चाहे सरकारी या दूसरी कोई नौकरी करते हैं उनकी तनख्वाहों में बहुत बड़ा फर्क है। यह फर्क हमें मिटाना पड़ेगा। जब तक इस फर्क को हम कायम रखेंगे देश में समाजवाद की कल्पना अधूरी रहेगी क्यों आज बैंकों का विस्तार देश के कोने-कोने में हो रहा है। छोटे-छोटे शहरों में बैंकों के दफ्तर खुल रहे हैं। एक छोटे से कस्बे में बैंक का चपरासी जहां पांच सौ और छः सौ रुपये प्राप्त करता है वहां उसी गांव में रहने वाला हाई स्कूल का हायर सेकेंड्री स्कूल का अध्यापक उस से कम तनख्वाह पाता है। लोगों के मन के अंदर एक जलन होती है, टीस होती है कि आखिर क्या बात है? इसी देश के हम नागरिक हैं, इन से कम काम नहीं करते हैं और फिर भी इन की तनख्वाह हम से अधिक है। इस फर्क को आपको मिटाना पड़ेगा। लेकिन इस बिल में उसकी तरफ कोई संकेत नहीं किया गया है। इन डिफरेंसेज को हमें अन्त में मिटाना पड़ेगा। चाहे तो आप दूसरे जितने भी कर्मचारी हैं उनकी तनख्वाह और बढ़ाइए या फिर इन के ऊपर रोक लगाइए। बार-बार बैंकिंग में काम करने वाले साथी चाहे वह क्लैरिकल लेवेल पर हों या दूसरे लेवेल पर हों चाहे एल०आई०सी० के हों, एमर्जेंसी के पहले स्ट्राइक करते थे और स्ट्राइक के बाद में उसी अनुपात में जिस अनुपात में उनकी तनख्वाह होती थी उन की बढ़ोत्तरी भी हो जाती थी। और भी अधिक उन को मिलने लग जाता था। यह एक बहुत बड़ा दुर्गुण समाज के अन्दर फैला

[श्री शिव नाथ सिंह]

हुआ है। इस के ऊपर सरकार को ध्यान देना चाहिए और यह बैंकिंग सर्विस कमीशन इस पर थोड़ा बहुत अंकुश लगा पाएगा तो हम सोचेंगे कि इस विधेयक को पास करने का अच्छा अवसर हुआ है।

इस बिल के द्वारा आप ने चाहा है कि रीजनल आफिसेज भी कमीशन बनाए। वह एक स्टेट का हो सकता है और एक से अधिक स्टेट्स का भी हो सकता है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि आज बैंकों का काफी विस्तार हो चुका है और यह जो सेंट्रलाइज्ड कमीशंस हैं चाहे रेलवे का रेक्रूटमेंट का कमीशन हो, यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन हो इन का हमें बहुत ही कटु अनुभव है। आप को करना यह चाहिए कि हर स्टेट में इस का एक रीजनल आफिस रखें ताकि उस स्टेट के लोगों को वहां रेक्रूटमेंट का अवसर मिल सके आज हम देखते है कि रेलवे का रेक्रूटिंग आफिस जो है पूरे वैस्टर्न रेलवे का बम्बई में है या और कहीं है। उस से आस पास के लोगों को रेक्रूटमेंट का अवसर मिल पाता है लेकिन दूसरी स्टेट वालों को नहीं मिल पाता है। यह कोई संकीर्णता की बात नहीं है। हर नागरिक जो जिस प्रांत में रहता है उस को यह अधिकार है और अधिकार होना भी चाहिए कि कुछ सर्टेन लिमिट तक की नौकरियां उस प्रांत के लोगों को मिले। वह आज नहीं मिल पा रही हैं और इसी तरह अगर बैंकिंग कमीशन का कार्यालय सेंट्रलाइज्ड आप ने रखा या रीजनल आफिसेज दो तीन स्टेट्स के रखे तो उन्हीं क्षेत्रों के आस पास के लोगों को रेक्रूटमेंट का लाभ मिलेगा और दूसरों को नहीं मिल पाएगा। इसलिए सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए और हर स्टेट मे इस का रेक्रूटमेंट आफिस रखना चाहिए।

दूसरी बात—आप ने संरक्षण रखा है शैड्यूल्ड कास्ट और शड्यूल्ड ट्राइब्ज के लिए। लेकिन आज देश के अन्दर बैंकिंग का एक दृष्टिकोण ही बदल गया है। जैसा कि हमारी प्राइम मिनिस्टर साहिबा ने कहा है और हमारे फाइनेंस मिनिस्टर ने भी बार-बार कहा है कि बैंकिंग को अपना दृष्टिकोण बदलना पड़ेगा और बैंकिंग सर्विसेज जो हैं वह उन लोगों की होनी चाहिए जो कि देहात में फैले हुए हैं, गरीब हैं, जिन के पास साधन नहीं है और जो अपने लिए लोन लेते हैं लेकिन रिटर्न के लिए उन के पास कोई जमानत नहीं है। उन लोगों के लिए बैंकिंग सर्विस होनी चाहिए। तो उन लोगों का भला वही कर सकते हैं जो उस जगह से, उस तबके से आते है। आज आप रेक्रूटमेंट उन लोगों को देते है जो साधन सम्पन्न लोग हैं, अच्छे घरानों से आते हैं, अच्छी अंग्रेजी बोल सकते हैं, उन को उन लोगों की पीड़ा का पता नहीं है। जिस वक्त उन को लोन देने का सवाल उठेगा वे कहेंगे कि तुम्हारे पास रिटर्न के लिए गारण्टी क्या है? इस दृष्टिकोण को हमें बदलना पड़ेगा। और अगर उस दृष्टिकोण को सही रूप में हम कार्यान्वित करना चाहते है तो उन लोगों मे से रेक्रूटमेंट करना पड़ेगा जो उन की भाषा जानते हैं, उन का रहन-सहन जानते है जिन को कि हमें लोन देना है जिन के बैनिफिट के लिए हम दूर-दूर तक बैंकिंग सर्विसेज का विस्तार कर रहे है। उन शाखाओं में उन लोगों में से, उस जगह रहने वालों मे से उन का रेक्रूटमेंट करना होगा। तब तो सही दृष्टिकोण जो हम लाना चाहते है वह आ पाएगा, नहीं तो नहीं आएगा। इसलिए उन एरियाज के लिए उन बैकवर्ड लोगों के लिए भी जिन के हित के लिए ये बैंक हम बना रहे है, उन तबकों के लोगों के लिए भी संरक्षण होना चाहिए वरना रेक्रूटमेंट मे आप की पालिसी आज तक जैसी रही है वही रहेगी तो समाज के ऊंचे तबके के लोग ही इस बैंकिंग से फायदा उठा पाएंगे और सही दृष्टि से आप का काम कार्यान्वित नहीं होगा। इसलिए उन लोगों के लिए भी संरक्षण होना चाहिए, यह मेरा निवेदन है।

इस के साथ साथ आप ने यह चाहा है कि रेक्रूटमेंट में गफलत नहीं हो। लेकिन जैसा कि अभी मेरे से पहले बोलने वाले माननीय सदस्य ने कहा था, आप ने क्लास 15 और 13

भी रखा है। क्लाज 13 और 15 में आपने रखा है कि एक साल के लिए टेम्पोरेरी अप्वाइंटमेंट कंसर्न्ड बैंक कर सकता है। इस का बहुत मिसयूज होगा। जैसा आज तक होता आया है वही आगे भी चलेगा। और फिर वह इसलिए होगा कि वह एक साल के लिए टेम्पोरेरी रख लेंगे और फिर जिस वक्त भी वह अपनी डिमांड देंगे इस कमीशन को तो कमीशन रेक्रूटमेंट करेगा उन बैंकिंग इंस्टीट्यूशंस फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस के लिए उन की डिमांड के अनुसार उनके प्रस्क्राइब्ड तरीके से। उसमें वह यह कहेंगे कि हम को इस एक्सपीरियेंस का आदमी चाहिए, इतना पढ़ा लखा हो लेकिन उस को बारह महोने का एक्सपीरिएंस होना चाहिए तो फिर वही लिया जायगा जिस का टेम्पोरेरी एप्वाइंट किया था। वही लोग इसमें आएंगे। बैकडोर एन्ट्री होगी। इसलिए इस पर आप पाबन्दी लगाइए कि कोई भी रेक्रूटमेंट टेम्पोररी नहीं होगा। टेम्पोररी अप्वाइंटमेंट रखेंगे तो वही लोग आएंगे।

दूसरी बात आपने कही कि इन सर्विसेज के लिए आप कमीशन नियुक्त कर रहे हैं और यह कह रहे हैं कि यदि वह कमीशन रेक्रूटमेंट नहीं कर पा रहा है तो बैंक को अधिकार है कि वह टेम्पोरेरी तरीके से दूसरे लोगों की रख ले। या उस के द्वारा चुनिंदा जो लोग हैं उन को यदि बैंक सर्विसमें नहीं लेना चाहें तो उन को उसके लिए भी छूट है। मेरी मान्यता है कि यह दोनो ही बन्द होना चाहिए। हम जिस परपज के लिए एक कमीशन नियुक्त करने जा रहे हैं उस को किसी भी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन डिमांड दे दी और जिस का धंधा ही सेलेक्शन करने का है वह एक निश्चित अवधि के अन्दर सेलेक्शन नहीं कर पाता है तो यह उस के लिए एक बड़ी डिस्क्वालिफिकेशन है, उस कमीशन को एग्जिस्ट करने का अधिकार नहीं है। उन को आप छूट देंगे तो जिन लोगों की वह मदद करना चाहते हैं, जिन लोगों का वह प्रमुत्व करना चाहते हैं उस के लिए उन को छूट रहेगी। इसलिए इन दोनों प्रावधानों का आप को हटाना चाहिए और सेलेक्शन के बाद में यह बिल्कुल पाबन्दी रहे कि कमीशन के मार्फत ही आदमी लिया जायगा।

जो कैटेगरी सर्विस कमीशन के मार्फत रेक्रूट होगा उस में आप से क्लरिकल और दूसरे छोटे आफिसर्स को रखा है। जब इस प्रकार का हाईपावर कमीशन हम सैन्ट्रल लेबल पर बनाने जा रहे हैं, जो आज तक के कमीशंज हैं, उसी तरह का अधिकार प्राप्त एक कमीशन हो तो जो सर्विसेज हम बैंक्स के लिये रिक्रूट करना चाहते हैं—प्रमोशन से ही तो दूसरी बात हैं— उस में ऊपर से लेकर नीचे तक, कैशिअर या क्लर्क से सारे रिक्रूटमेंन्ट क्यों करना चाहते हैं। इस से उन को लूप-होल मिल जायगा। जो आज क्लारिकल जॉब में हैं, किसीको हैडकैशिअर बना देंगे या कोई दूसरा अफसर बना देंग। तो जब आप हाई-पावर कमीशन बनाते हैं तो उसी की मारफत तमाम आफिसर्ज का सिलेक्शन क्यों न हो। मेरी मान्यता है कि तमाम प्रकार का रिक्रूटमेंट जो बैंकिंगमें हो, चार-पांच कैटेगरीज आपने रखी हैं, एल०आइ०सी०, यूनिट ट्रस्ट, इण्डस्ट्रीयल डवलपमेंट बैंक, इंडस्ट्रीयल फाइनेंस कारपोरेशन, इंडस्ट्रीयल क्रडिट मैं इन्वहटमेंट कारपोरेशन ये सब सरकारी हैं, इन के अलावा जो बैंक्स हैं उन का रिक्रूटमेंट इस की मारफत होना चाहिए। इसलिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि क्लारिकल और दूसरे जूनियर आफिसर्ज के अलावा कुछ दूसरी कैटगरीज भी हो सकती हैं जो इस की परव्यू में नहीं आयेंगी इस लिये इस लूप-होल को दूर करने के लिये कुछ करना चाहिए, ताकि आज तक रेक्रूटमेंट में जो धांधली चल रही थी, वह न चले।

मेम्बरों की योग्यता आपने रखी है—उन की संख्या रखी है, उस के बाद आपने यह

[श्री शिवनाथ सिंह]

रखा है कि उस के आधे मेम्बरों की क्वालिफिकेशन यह होनी चाहिए—

"Has special knowledge or practical knowledge of finance economics or business administration or business management or any other matter."

मेरा निवेदन है कि इस में जो क्वालिफिकेशन्ज रखी हैं आज तक जो होता रहा है, उस में और इस में कोई फर्क नहीं होगा। कुछ मेम्बर्स ऐसे भी रखें जो रूरल-बायस्ड हों, जो देहात के लोगों की दिक्कतों को जानते हों, कि वहां किस प्रकार का एजूकेशनल स्टैंडर्ड है, लड़कों की शिक्षा का स्टैण्डर्ड क्या है, ग्रेजुएट्स स्टैंडर्ड क्या है, किस प्रकार से वे पुट-अप कर सकते हैं। इन बातों का उस को ज्ञान हो, वह रूरल-बायस्ड हो—इन सब बातों को दृष्टि में रखकर आप सिलेक्शन करेंगे तब तो ठीक है, वरना आप ने जो क्वालिफिकेशंस मेम्बर के लिये रखी हैं उससे आज तक और आगे आने वालों में कोई फर्क नहीं होगा। ब्यूरोक्रेटिक एटीयूड रहेगा, जिस मे रीजनल—इम्बैलेंसेज होंगे और दूसरे इम्बैलेंसेज पैदा होंगे।

एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि पंजाब नेशनल बैंक में सभी सिख हैं, ऐसी बात नहीं है। थोड़ा-बहुत स्थानीय पुट होता है। हायेस्ट लेवल मे जिन के हाथ मे रिक्रूटमेंट है, उनका बायस चलता है, तो इसको दूर करने के लिये कि वे स्थानीय भी न हों, और जो अफसर वहां हैड हों, जिनका असर हो, उनको बायस भी न चले, इसके लिये रूरल बायस होना जरूरी है। आपको कमीशन में ऐसे मेम्बर रखने चाहियें जिनसे देहात के लोगों को यह महसूस हो सके कि हम जायेंगे तो हमारा सिलेक्शन भी हो सकता है। आज वे यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन के सामने जाते हैं तो इन्फीरियारिटी काम्प्लेक्स में जाते हैं। वे समझते हैं कि हमारा कोई आदमी वहां नहीं है, इसलिये हमारा सिलेक्शन नहीं होगा। इसको दूर करने के लिये आवश्यक है कि जो क्वालिफिकेशन्ज आपने रखी हैं उसमें रूरल बायस भी रख दें। ऐसा आदमी वहां की दिक्कतों को, प्राबलम्ज को समझ सकेगा और इस तरह से बैंकिंग को सही दिशा मिल सकेगी। इस दृष्टि से इसमें थोड़ा बहुत इम्प्रूवमेंट हो सके, अभी हो सके तो अभी करें, अभी न हो सके तो अमेण्डमेंट के द्वारा करें, लेकिन गरीब देहात के लोगों का भी रेक्रूटमेंट हो सके, इस प्रकाश का आश्वासन उनको मिलना चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं इसका समर्थन करता हूं।

श्री दरबारा सिंह (होशियारपुर) : जनाब चेयरमैन साहब, सरकार ने एक बैंकिंग कमीशन बनाया, जिसकी एक सिफारिश मानी गई। गवर्नमेंट की तरफ से एक सर्विस कमीशन बनाना है, उसमें तजुर्बेकार, ईमानदार, एडमिनिस्ट्रेशन को जानने वाले, दस साल का जिनका तजुर्बा हो, पब्लिक सैक्टर में या किसी दूसरे इंस्टीचूशन में जिन्होंने खिदमत की हो, यह क्वालिफिकेशन्ज उसमें रखी गई हैं। ठीक बात है—यह जरूरी है ताकि जो उम्मीदवार लेने हैं, उनको वे पूरी तौर पर क्वेश्चन कर सकें, उनकी ठीक ढंग से नाप तोल कर सकें। मुझ से पहले बोलने वाले दोस्त ने भी अभी कहा है कि ऐसी एबिलिटीज वाले तो यहीं से मिलेंगे, बाहर से नहीं मिलेंगे। लेकिन क्या किया जाय। तजुर्बेकार आदमी चाहियें, उन्हीं को लेना होगा। इन में पहले बोलने वाले हमारे सी० पी० आई० के दोस्त ने कह दिया कि पंजाब नेशनल बैंक में सारे सिख भर दिये हैं। मैं जब से कांग्रेस में भरती हुआ हूं, पिछले चालीस साल से जैसा मेरा एटीचूट रहा है, कोई भी आदमी इस बात को प्वाइन्ट-आउट नहीं कर सकता है कि किसी कम्यूनल बात को दूर से

भी कोई वास्ता रहा हो, लेकिन गलत बात कहने से क्या फायदा है कि वहां सिर्फ सरदार ही हैं। आप नाप तोल करें, वहां जाकर देखें, ऐसी बात नहीं है। किसी और बैंक में होंगे, आपको गलती लग गई है। पंजाब नेशनल बैंक में अपर-स्ट्रेटा के जितने चलाने वाले अफसर हैं, सभी गर पंजाबी हैं। लेकिन इस बात के पीछे आप क्यों जाते हैं। जैसा कहा गया है, ऐसी 22 बैंक नेशनल सैक्टर में हैं और उनमें 14 नेशनलाइज्ड बैंक्स हैं, उनमें सारी चीजों की देखभाल करने के लिये और वहां भरती करने के लिये फैसला करना है। तो रीजनल बात जो आपने कही है, मैं उससे बिल्कुल इत्तिफाक नहीं करता। आप दो-तीन स्टेट्स का एक ग्रुप बना दें, हर स्टेट में रीजनल आफिस खोल दें और उसमें सारी भरती करें तो आप को पता चलेगा कि अगर आपने रिजन बनाना है तो वह जितना छोटा होगा, उतना ही उम्मीदवारों को आने में, इम्तिहान देने में, एक्जामिनेशन देने में सहूलियत होगी। जितनी रीजनल इम्बैलेंसेज हैं, उनको आप देख सकेंगे। वहां एक जो दस साल का तजुर्बा रखने वाला चेअरमैन होगा, वह इस बात का भी ख्याल रखेगा कि जिस जगह पर मैं इम्तिहान लेने जा रहा हूं वहां इस ढंग के जो लोग हों, उनकी लेना है। इसलिये मैं समझता हूं कि आपने बहुत अच्छा काम किया है। इस के आठ मेम्बर होंगे। कौन होंगे ? उनको गवर्नमेंट सिलैक्ट करेगी। लेकिन मैं अर्ज करना चाहता हूं—मुझे एक खदशा है और वह खदशा यह है कि आज के माहौल में हमवे आफिसर्ज दे देते हैं जिनके किरदार के बारे में सरकार को मालूम भी हो तो भी वह उसको आगे चला देते हैं, किसी आला आफिस पर जाने के लिये। मैं खुली बात कहना चाहता हू—इसी सेन्टर में, सर्विसिज में, ऐसे लोग बैठे हैं जिन्होंने बार्गे-ब्हल बड़ी ऊंची आवाज से कहा था कि हम आनन्द मार्गी वे कहते थे—हम यह हैं, हम वह हैं, कम्यूनल-बाडीज के साथ अपना वास्ता जोड़ कर बड़े जोर-शोर से ऐसी बात कहते थे। आप इसको सार्ट-आउट करें। ऐसे आदमी कहीं न आ जायं जो कम्यूनल तौर पर बदतरीन किस्म का जहर फैलायें, खासतौर से नई पौध जो आप ला रहे हैं, उनमें दाखिल न हो जायं। ऐसी हालत में जो उम्मीदवार उनके सामने आयेंगे उनको चुनने का जो उनका जहन होगा, वह वायस्ड होगा, जहरवाला होगा, यकतरफा होगा। तो ऐसे आदमियों का चुनाव न हो जाय, यह देखना जरूरी है। मैं आप को वार्निंग देता हूं—पीछे हुआ तो हुआ, आइन्दा के लिये कोई नामिनेशन करें तो ऐसा आदमी न आ जाय जो कम्यूनल आउट-लुक का हो, पैराकियल हो। हमें अपने किस्म का आदमी लेना है, वैसे आदमी कतअन नहीं लेने चाहियें।

18 hrs.

इसके साथ साथ कमीशन ने जो रिपोर्ट दी है, वह बड़ी पालुमिनस रिपोर्ट है, जिसमें बहुत सी बातें कही गई हैं, जिन का यहां पर जिक्र नहीं आ सकता। लेकिन मैं कहना चाहता हूं—यह जो जिक्र किया गया है, इसमें और बहुत सी बातें हैं जिन को मैं इन्यूमरेट करूंगा।

MR. CHAIRMAN: You can continue your speech tomorrow. Now the House stands adjourned till 11 A.M. tomorrow.

18.01 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, July 30, 1975/Sravana 8, 1897 (Saka).

GMGIPND—L—1207 LS—978.